YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली > गुरुवार,8 जनवरी 2015 > आश्विन 10 शक 1935 > आश्विन कृष्णा 13 विक्रम 2070 पेज 30* > मूल्य 4.50 रु. या 9.0

10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम 2 मार्च को शुरू हो रहे हैं। 10वीं का एग्जाम 26 मार्च को और 12वीं का पेपर 17 अप्रैल को खत्म होंगे। स्टूडेंट्स एग्जाम की तैयारी में जुटे होंगे इसी दौरान वर्ल्ड कप 14 फरवरी से शुरू होगा, जो 29 मार्च तक चलेगा। बोर्ड एग्जाम के बीच वर्ल्ड कप शुरू होने से क्रिकेट का मजा फीका हो जाएगा। हालांकि ये जेनरेशन स्मार्ट है, जो पढ़ाई और एंटरटेनमेंट के बीच बैलेंस बनाना जानती है। स्टूडेंट्स कैसे बोर्ड एग्जाम के बीच वर्ल्ड कप को फिट करने की प्लानिंग कर रहे हैं उनसे जाना अनु चौहान ने :

वर्ल्ड कप में एग्जाम का 'पावर प्ले'

मुझे क्रिकेट बहुत पसंद है, लेकिन बोर्ड एग्जाम और वर्ल्ड कप की डेट्स क्लैश हो रही हैं। इससे थोड़ा मजा कम तो होगा ही। मैंने अपनी स्ट्रैटिजी बना ली है। मैं मैच की इनिंग्स देख लूंगी। मेरा फेवरिट क्रिकेटर विराट कोहली है, जब वह खेल रहा होगा, तो मैच देखने की प्लानिंग है।

-गुनीत कौर

थोड़ा तो मूड ऑफ है कि एग्जाम के बीच में वर्ल्ड कप शुरू हो रहा है। मैंने सोचा है कि मैं अपने फेवरिट मैच रिकॉर्ड कर लूंगा और जिस दिन पेपर देकर आऊंगा उस दिन मैच देख लूंगा। इससे पढ़ाई पर भी असर नहीं पड़ेगा। वहीं, बीच में जब भी ब्रेक टाइम होगा, तो मैच का स्कोर अपडेट कर लूंगा।

-देव मुद्गल

बोर्ड का एग्जाम है, इसलिए पैरंट्स ने केबल हटवा दिया है। ऐसे में मैच देखना तो पॉसिबल

मैच पर अक्सर स्टूडेंट्स वॉट्स ऐप ग्रुप बना लेते हैं। इस बार भी जरूर कोई न कोई फ्रेंड ग्रुप बनाएगा ही। उससे ही अपडेट लेते रहेंगे। बोर्ड एग्जाम है, इसलिए स्कोर रेटिंग्स से ही काम चला लूंगी।

-ऋचा मित्तल

मैं स्टूडेंट्स से ये ही कहूंगी कि सारी तैयारी एग्जाम से पहले कर लें। रिविजन रहेगी तो आप बीच में वर्ल्ड कप भी देख सकेंगे। - रोमा पाठक, प्रिंसिपल, एमएम पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा